## 168 माह का बकाया है किराया, ननि अधिकारियों एवं पुलिस की उपस्थिति में हुई कार्यवाही

# निगम प्रशासन का एक्शन: 1.59 करोड़ रूपये जमा नहीं करने पर 7 दुकानों में जड़ दिया ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम ने राजस्व वसूली को प्रभावी बनाने और निगम की संपत्तियों पर बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन के समीप स्थित निगम के वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स में संचालित नर्मदा कॉन टेक प्राइवेट लिमिटेड की 7 दुकानों पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई।

कंपनी पर वर्ष 2012 से 168 माह का 1.59 करोड़ रुपये से अधिक किराया एवं ब्याज बकाया था। बार-बार मांग पत्र, अंतिम नोटिस, डिमांड नोटिस और वारंट जारी किए जाने के बावजूद बकाया राशि निगम कोष में जमा नहीं किए जाने पर निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम उपायुक्त शैलेश गुप्ता के नेतृत्व एवं राजस्व अधिकारी श्री जागेश्वर प्रसाद पाठक की मौजूदगी में राजस्व एवं अतिक्रमण अमले ने पुलिस बल की मौजूदगी में तालाबंदी की कार्रवाई करते हुए निगम की राजस्व वसूली और संपत्तियों के संरक्षण के प्रति सख्त संदेश दिया गया।





### जमा करना था मासिक किराया

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि निगम अभिलेखों के अनुसार वर्ष 2012 में निष्पादित लीज अनुबंध के तहत संबंधित संस्था द्वारा निगम को मासिक किराया जमा किया जाना था, लेकिन लगातार 168 माह 01 अप्रैल 2012 से 31 मार्च 2026 तक किराया जमा नहीं किया गया। ब्याज सहित बकाया राशि 1 करोड़ 59 लाख 28, हजार 641 हो गई थी।

नगर निगम द्वारा समय-समय पर मांग पत्र, अंतिम सूचना, धारा 174 के तहत डिमांड नोटिस तथा मध्यप्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 175(1) के अंतर्गत वारंट जारी कर बकाया राशि जमा कराने का अवसर दिया गया। निर्धारित अवधि बीत जाने के बाद भी न तो राशि जमा की गई और न ही अनुबंध की शर्तों का पालन किया गया।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर सोमवार को निगम प्रशासन ने राजस्व अमले एवं पुलिस बल की मौजूदगी में मौके पर पहुंचकर स्थल पर संचालित एक्शन बीयर बार सहित 7 दुकानों में विधिवत तालाबंदी की कार्रवाई की गई है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नगर निगम की संपत्तियों पर बकाया राशि, अनुबंध उल्लंघन अथवा अनधिकृत उपयोग के मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमोटर स्कीम के तहत नगर निगम कटनी एवं नर्मदा कॉन टेक प्रा. लि. के बीच 20 मार्च 2012 को 30 वर्ष की अवधि के लिए अनुबंध किया गया था। अनुबंध के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास स्थित निगम स्वामित्व के वाणिज्यिक कॉम्प्लेक्स में होटल, रेस्टोरेंट एवं अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन हेतु अपर ग्राउंड फ्लोर 3960 वर्ग फुट, प्रथम तल 2800 वर्ग फुट तथा द्वितीय तल 16,252 वर्ग फुट उपलब्ध कराया गया था। अनुबंध की कंडिका -3 के अनुसार नर्मदा कॉन टेक प्रा. लि. को प्रतिमाह 56 हजार 744 रुपये किराया नगर निगम कोष में जमा करना अनिवार्य था। किंतु कंपनी द्वारा 168 माह का किराया जमा नहीं किया गया, जिससे निगम को राजस्व की भारी क्षति होने पर नगर निगम प्रशासन ने इसे अनुबंध की शर्तों का गंभीर उल्लंघन मानते हुए नियमानुसार तालाबंदी की कार्यवाही की है।

## जिले में अब तक 323. 6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में 1 जून से 27 जुलाई तक कुल 323.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। विदित हो कि पिछले आलोच्य अवधि के दौरान जिले में 675.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि के दौरान रीठी तहसील में रिकार्ड 902.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जबकि इस वर्ष जिले में इस अवधि के दौरान सबसे अधिक औसत वर्षा तहसील स्लीमनाबाद में दर्ज की गई है, जहाँ अब तक 648.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुन्ना लाल तिवारी ने बताया कि जिले में इस अवधि में कटनी तहसील में 333.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 442.3 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 160.5 मिलीमीटर, बरही तहसील में 197.8 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 239.1 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 299.2 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 648.4 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 265.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## खबर संक्षेप



### ताला तोड़ 4 लाख नकदी सहित जेवरात किये पार

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरीसानी में दिनदहाड़े चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। बेखौफ चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए अलमारी और पेटी के ताले तोड़कर सोने-चांदी के कीमती जेवरात समेत करीब 4 लाख रुपये नगद पर हाथ साफ कर दिया। फरियादी रमेश सिंह पिता गुलाब सिंह 40 वर्ष निवासी देवरीसानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह करीब 8:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे के बीच जब घर पर कोई नहीं था तब अज्ञात बदमाशों ने सूने मकान का फायदा उठाया। चोरों ने घर में दाखिल होकर अलमारी का ताला तोड़ दिया और सारा सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। अलमारी में रखे स्टील के डिब्बे से सोने-चांदी के जेवर और नगदी गायब मिले। वहीं दूसरे कमरे में रखे बड़े भाई की पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे नगद रुपये भी चोर बटोर ले गए। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की टीम घटनास्थल का मुआयना कर अज्ञात आरोपियों की तलाश और मामले की जांच में जुट गई है।

### तिघरा निकुंज धाम में गुरु पूर्णिमा पर होंगे विविध आयोजन

**उमरियापान।** उमरियापान के समीप तिघरा स्थित निकुंज धाम में बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव का आयोजन पंडित अमित शास्त्री के नेतृत्व में किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान हनुमानजी महाराज के विधिवत पूजन-अर्चन से होगी। इसके पश्चात शिष्य मंडल द्वारा पूज्य गुरु पंडित अमित शास्त्री की चरण वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया जाएगा। आयोजन के दौरान चरण पादुका पूजन, गुरु दीक्षा, सत्संग, भजन-कीर्तन एवं भगवान की आकर्षक झांकी निकाली जाएगी। महोत्सव के समापन पर कन्या भोज और श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में धर्म लाभ प्राप्त करने अपील की है।

### मप्र तीर्थ-स्थान एवं मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष का कटनी प्रवास कल

**कटनी।** मध्यप्रदेश तीर्थ-स्थान एवं मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद गोटिया बुधवार, 29 जुलाई को एक दिवसीय कटनी जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री गोटिया सुबह 11 बजे बहोरीबंद तहसील के ग्राम कूंड़ा मर्दानगढ़ (बाकल क्षेत्र) स्थित दद्दा जी धाम (पं. देवप्रभाकर शास्त्री समाधि स्थल) पहुंचेंगे। जहां वे पूजन-अर्चन एवं दर्शन करेंगे। इसके बाद श्री गोटिया दोपहर 2 बजे जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## कलेक्ट्रेट एवं जिला पंचायत में नारेबाजी व ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्ट्रेट कार्यालय और जिला पंचायत परिसर में जुलूस, आम सभा, नारेबाजी एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग से कार्यालयीन एवं न्यायालयीन कार्य प्रभावित होने एवं परिशांति भंग होने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर श्री आशीष तिवारी ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।

जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के अनुसार कलेक्टर कार्यालय एवं जिला पंचायत परिसर में 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र, सभा स्थल, जुलूस, नारेबाजी आदि पर रोक लगाने हेतु इसे प्रतिबंधात्मक क्षेत्र घोषित किया गया है। कोई भी राजनीतिक दल, छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में प्रतिबंधित रहेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग उक्त परिसर एवं उससे लगे हुए 100 मीटर की परिधि में प्रतिबंधित किया गया है। इसी प्रकार कोई भी राजनैतिक दल, यूनियन छात्र संगठन अथवा कोई भी आंदोलनकारी व्यक्ति इस परिसर में जुलूस, आमसभा या नारेबाजी, ज्ञापन आदि सौंपे जाने से 3 दिन पूर्व उप खण्ड मजिस्ट्रेट, कटनी से विधिवत लिखित में अनुमति प्राप्त करेगा एवं ज्ञापन सौंपे जाने हेतु कलेक्टर कार्यालय के मुख्य द्वार (मेन गेट नं. 1 एवं 2) पर 50 व्यक्ति या संगठन कार्यकर्ता होने पर मुख्य द्वार पर ही अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 50 व्यक्तियों से कम व्यक्ति शांतिपूर्ण ढंग से कानून व्यवस्था बनाये रखते हुए कलेक्टर परिसर के मेन गेट पर अधिकृत अधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। इस आदेश का उल्लंघन किए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी।

### नामांकन, मैपिंग, छात्रवृत्ति और अपार आईडी बनवाने के दिये निर्देश

**कटनी।** जिले में नामांकन, छात्र मैपिंग, छात्रवृत्ति एवं अपार आईडी बनाने के उद्देश्य से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर में जिला शिक्षा अधिकारी शसच्चिदानंद पांडे की अध्यक्षता में अशासकीय विद्यालयों की समीक्षा बैठक सह कार्यशाला आयोजित की गई। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक, जिला आईटी समन्वयक तथा जिला नोडल छात्रवृत्ति अधिकारी ने विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री पांडे ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया कि वे तीन दिवस के भीतर नामांकन, मैपिंग एवं छात्रवृत्ति से संबंधित लंबित कार्यों को पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि समयसीमा में कार्य पूर्ण कर विद्यार्थियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में 27 जुलाई से शुरू हुये आधार कैम्प की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इन कैम्पों के माध्यम से विद्यार्थियों का आधार अपडेट कर छात्रवृत्ति अपार में वृद्धि की जाएगी, जिससे अधिक से अधिक छात्र लाभान्वित हो सकें।

### विद्यार्थियों को नशा नहीं करने दिलाई गई शपथ



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था प्रयास सेवा संगठन इमलिया द्वारा धरवारा सेक्टर के शासकीय हाईस्कूल भूला में सोमवार को नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की समझाइश देते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक है। उन्होंने सभी से स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। सेक्टर प्रभारी कोदुलाल हल्दकार ने विद्यार्थियों को नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी यदि नशे से दूर रहेगी, तभी स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण संभव होगा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## कथित रूप से नशे में सोता रहा आपरेटर दर्जन भर गाँवों में विद्युत आपूर्ति रही बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

विद्युत वितरण केंद्र स्लीमनाबाद मे रात्रि के समय ड्यूटी कर रहे विद्युत आपरेटर की मनमानी से विद्युत उपभोक्ता बहुत परेशान हैं। रात मे 3 से 4 घंटे की मनमानी कटौती कि जा रही हैं जिससे ग्रामीण अंचलो मे लोग रात्रि मे सो नहीं पा रहे हैं। रविवार - सोमवार की दरमियानी रात रात मे लोड सेटिंग के नाम पर एक घंटे की कटौती की गईं लेकिन रात मे लगभग 3 से 4 घंटे दर्जन भर गाँवों की विद्युत आपूर्ति बाधित रही जिससे बरसात के मौसम लोग सो नहीं पाए ओर परेशान होते रहे तब रात मे 2 बजे कुछ लोग स्लीमनाबाद विद्युत कार्यालय पहुंचे, जहाँ रात्रि ड्यूटी मे तैनात विद्युत आपरेटर राजेश नामदेव नीद में था जब लोगो ने काफ़ी चिल्लाया तब वह उठा ओर बिजली बंद होने का कोई जवाब नहीं दे पाया। लोगो ने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारी विद्युत आपरेटर राजेश नामदेव कथित रूप से शराब पी हुई थी। लाईट बंद होने पर कई बार फोन लगाया गया, लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। रात्रि में उसके सोते समय का लोगो ने वीडियो बनाया जो सुबह सोशल मीडिया मे वायरल हुआ। लोगो का कहना हैं कि स्लीमनाबाद विद्युत कार्यालय की मनमानी से ग्रामीण अंचलो मे बिजकी व्यवस्था के हाल बदहाल हैं। वर्षा काल मे रात्रि के समय जहरीले जीव जन्तुओं निकलते हैं, जिस कारण रात्रि के अंधेरे मे डर बना रहता हैं!लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी -कर्मचारियों को कोई सरोकार नहीं हैं। विद्युत आपरेटर राजेश नामदेव का नशे मे धुत होकर ड्यूटी के दौरान सोने का वीडियो सोशल मीडिया मे वायरल होने के बाद कार्यपालन अभियंता ने विद्युत आपरेटर के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे मे जवाब तलब किया हैं। नोटिस का जवाब नहीं मिला तों फिर कार्रवाई प्रस्तावित की जायेगी।

इस संबंध कार्यपालन अभियंता में शैलजा चौहान का कहना है कि विद्युत आपरेटर राजेश नामदेव के द्वारा पदीय दायित्वों के निर्वहन पर लाफ़रवाही बरती गईं हैं नोटिस जारी किया हैं। 24 घंटे मे यदि समाधान कारक जवाब नहीं मिलता तों फिर कार्रवाई प्रस्तावित की जायेगी।

*समय सीमा की बैठक में निगमायुक्त ने समीक्षा कर दिये निर्देश*

## कार्यों में ढिलाई स्वीकार नहीं, धीमी गति पर जताई नाराजगी, नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम कार्यालय में सोमवार को आयोजित टीएल बैठक में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा सीएम हेल्पलाइन, विभागीय गतिविधियों, समय सीमा वाले पत्रों, जनसुनवाई के लंबित आवेदनों सहित शासकीय योजनाओं तथा विकास कार्यों की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा कर प्रकरणों के निराकरण की जानकारी पोर्टल पर अपडेट करने के साथ ही शासकीय कार्यों में किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरतने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि वे स्व-प्रेरणा से परिणाम मुखी कार्य शैली रखें ताकि आमजन को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। बैठक में उपायुक्त द्वय श्री शैलेश गुप्ता, प्रियंका झारिया सहित समस्त विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।



आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर के विभिन्न व्यावसायिक एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा (फायर सेफ्टी) व्यवस्था की अनिवार्यता तथा जर्जर भवनों एवं शासकीय विद्यालयों के डिस्मेंटल की कार्यवाही की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि फायर सेफ्टी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए तथा असुरक्षित एवं जर्जर भवनों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई जारी रखी जाए, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके।

अमृत योजना के तहत नगर में प्रगतिरत सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत पाइपलाइन विस्तार, हाउस कनेक्शन, एस.टी.पी सिविल कार्य एवं रोड रेस्टोरेशन कार्य तथा वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट के विभिन्न कार्यों पाइपलाइन विस्तार, ओवर हेड टैंक, पेयजल कनेक्शन तथा रेस्टोरेशन कार्य की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा के दौरान हाउस कनेक्शन कार्य एवं रेस्टोरेशन कार्य की गति धीमी पाए जाने पर ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने रोड रेस्टोरेशन कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखने के साथ ही रोड लेबल मैच कराते हुए वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव को दिए।

### स्कूलों के आस-पास नशा के अवैध कारोबार में लिप्त दुकानों की होगी सघन जांच

## ओव्हरलोडेड, बिना नंबर वाले वाहनों एवं स्कूल बसों के विरूद्ध चलायें जांच अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ओव्हरलोडेड वाहनों, स्कूल बसों और बिना नंबर के वाहनों के विरूद्ध पुलिस, आरटीओ और खनिज विभाग के संयुक्त दल द्वारा जांच अभियान चलाया जाय। इसके अलावा स्कूल-कॉलेज के परिसर के आसपास तंबाकू, गाजा, स्मैक, विजयावटी नशे की गोली की अवैध रूप से बिक्री करने वाले दुकानों की आबकारी एक्ट के तहत जांच कर सख्त कार्यवाही की जाय। कलेक्टर आशीष तिवारी ने यह निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति और जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुये दिए।

कलेक्टर श्री तिवारी ने पुलिस, आरटीओ और खनिज विभाग के संयुक्त दल द्वारा ओवरलोडेड वाहनों, स्कूल बसों एवं बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के विरुद्ध नियमित जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल-कॉलेजों के आसपास तंबाकू, गांजा, स्मैक एवं नशीली गोलियों की अवैध बिक्री करने वाले दुकानों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई करने को कहा।

### स्पीड ब्रेकर सुरक्षा एवं दृश्यता पर फोकस

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शहर के सभी स्पीड ब्रेकरों पर सांकेतिक चेतावनी चिन्ह लगाए जाएं तथा व्हाइट रेडियम युक्त थर्मोप्लास्टिक/रिफ्लेक्टिव मार्किंग कराई जाए। प्रमुख चौराहों एवं ब्लैक स्पॉट की पहचान कर गाइड साइन बोर्ड लगाए जाएं और व्हाइट स्टॉप लाइन सहित अन्य रोड मार्किंग सुनिश्चित की जाए। लखापतेरी एवं कश्यप ढाबा ब्लैक स्पॉट पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था के निर्देश भी दिए गए।

पीर बाबा बायपास पर ले-बाय रोड निर्माण, सुर्खी टैंक मोड़ (बस स्टैंड क्षेत्र) पर प्रकाश व्यवस्था एवं ले-बाय रोड विकसित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही शहर के मुख्य एवं आंतरिक मार्गों पर निर्माण कार्य के दौरान बने गड्ढों की शीघ्र मरम्मत तथा चांडक चौक को आधुनिक रोटरी के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया।

### लाइसेंस निरस्तीकरण और सख्त कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर ने लाइसेंस निरस्तीकरण योग्य प्रकरणों का डेटा तैयार कर आरटीओ को भेजने तथा मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 (नशे की हालत में वाहन संचालन) के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। शहर में भारी वाहनों के अनधिकृत प्रवेश पर रैंडम चेकिंग अभियान चलाने और ओवरलोड व बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों पर संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

ओवरस्पीड भारी वाहनों में जीपीएस अनिवार्यता लागू कराने हेतु परिवहन व्यवसायियों की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। मंझगवा–बरही–बड़वारा मार्ग पर अवैध पार्किंग के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा केलवारा अंडरब्रिज से भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध हेतु रेलवे विभाग से समन्वय स्थापित करने को कहा गया।

### सार्वजनिक परिवहन सुरक्षा को लेकर अहम निर्णय

बसों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने हेतु बस संचालकों को प्रेरित करने और शहर के प्रवेश व निकास मार्गों पर चार ओवरस्पीड डिटेक्शन कैमरे स्थापित करने के लिए बजट प्रस्ताव तैयार कर समयबद्ध कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए।

### एनकॉर्ड बैठक में नशे के विरूद्ध विशेष रणनीति

कलेक्टर ने शैक्षणिक संस्थानों के आसपास दवा दुकानों पर बिकने वाली नशीली दवाइयों जैसे नाइट्रावेट, अल्फाजोलम एवं कफ सिरप के विरुद्ध पुलिस और ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा संयुक्त जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए। इसके लिए प्रभावी सूचना तंत्र विकसित करने और नार्कोटिक्स संबंधी सूचना हेतु विशेष दूरभाष नंबर जारी करने को कहा, जिससे सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जा सके।

### पुलिस की कार्रवाई और जागरूकता अभियान

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि नशे के सोर्स से जुड़े गिरोहों पर कार्रवाई करते हुए 17 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। पुलिस द्वारा इन गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है और "नशे से दूरी है जरूरी" जैसे जागरूकता अभियान व्यापक स्तर पर चलाए जा रहे हैं।

## बाइक चोरी कर लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाइन से अज्ञात बदमाशों द्वारा एक बाइक चोरी कर उसे बड़ागांव रोड के पास जला देने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस लाइन निवासी प्रार्थी अभिषेक पाण्डेय 30 वर्ष जो पेशे से अधिवक्ता हैं ने शिकायत दर्ज कराई है कि 14 जुलाई 2026 की रात लगभग 11:00 बजे उन्होंने अपनी हीरो स्प्लेंडर प्रो बाइक क्रमांक MP 21 MG 8467 क्वाटर के नीचे आम के पेड़ के पास खड़ी की थी। अगले दिन 15 जुलाई की सुबह जब वे योगा के लिए नीचे आए तो वाहन गायब था। आस-पास पूछताछ और तलाश के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने डायल 112 और झिंझरी पुलिस चौकी को सूचित किया।



झिंझरी पुलिस चौकी में सूचना मिलने पर पुलिस ने बड़ागांव रोड किनारे एक जली हुई बाइक पड़ी होने की जानकारी दी। मौके पर पहुंचकर जब प्रार्थी ने निरीक्षण किया तो वहां वाहन के पास अधजला पुराना बीमा का कागज मिला जिससे उन्होंने अपनी बाइक की पहचान की। अज्ञात आरोपी द्वारा वाहन को चुराकर सार्वजनिक स्थान पर ले जाकर आग लगा दी गई थी। थाने में अपराध दर्ज किया गया है।

## खबर संक्षेप



### अलग-अलग स्थानों से जब्त की अवैध शराब

**उमरियापान।** अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन शिकंजा के तहत उमरियापान पुलिस ने तीन अलग अलग स्थान से अवैध शराब जब्त किया है। थाना प्रभारी महेंद्र कुमार जायसवाल ने बताया कि बम्हनी में पंचायत के सामने आरोपी कत्तूलाल काछी (50), उमरियापान में गंगा वंशकार (38) और पचपेढ़ी में रमादेवी बर्मन (42) के कब्जे से 40 पाव अवैध शराब जप्त की गई है। तीनों आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### जिला स्तरीय सीएसआर समिति की बैठक 30 को

**कटनी।** कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हेतु सीएसआर समिति की बैठक गुरुवार, 30 जुलाई को शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागाक्ष में आयोजित की गई है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान ने बैठक के दौरान सभी उद्योगपतियों से वर्तमान वित्तीय वर्ष में सीएसआर मद से किए गए कार्यों एवं व्यय का विवरण तथा आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना प्रस्तुत करने का आग्रह किया है। साथ ही वनमंडलाधिकारी, जिला पंचायत सीईओ, आयुक्त नगर निगम, जिला खनिज अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभाग प्रमुखों को सीएसआर मद से कराए जा सकने वाले कार्यों के प्रस्ताव के साथ बैठक में उपस्थित रहने के लिए अनुरोध किया है।

### नाली निर्माण कार्य शुरू नही होने से ग्रामीण परेशान



**सिलौंडी।** सिलौंडी में गांव के प्रमुख मार्ग शिव चौक से धरमपुरा सड़क को बीच से खुदाने के 20 दिनों बाद भी नाली निर्माण शुरू नही होने ग्रामीण बहुत परेशान है ।बुजुर्ग ,महिलाएं ,बच्चों को आने जाने में दिक्कत हो रही है । 70 वर्षीय सिया बाई साहू को सड़क के बीच खुदी नाली में गिरने के कारण चोट भी लग चुकी है । रवि यादव ,श्रवण साहू ,पान बाई पाल, गौरा पाल ,शांति साहू ,रूवंजली साहू ,आशा पाल ,रेतो पाल ,हिसा साहू , आरती साहू ,क्षवण साहू ने बताया नाली खुदाने के 20 दिन हो चुके है । खुदाई होने के कारण वाहन निकलने में दिक्कत होती है। रात के समय को सड़क में गिरने से बहुत दुर्घटना होने की संवावना है ।जल्द से जल्द नाली और सी सी रोड निर्माण हो।

### द्वितीय सीएलसी चरण की तिथि 31 जुलाई तक बढ़ी

**उमरियापान।** कक्षा 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर में प्रवेश के इच्छुक छात्रों के लिए प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश का सुनहरा अवसर है। प्रवेश से वंचित विद्यार्थियों के हित में द्वितीय सीएलसी (कॉलेज लेवल काउंसलिंग) चरण की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जुलाई 2026 कर दी गई है।शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा के प्रभारी प्राचार्य डॉ. बृजलाल अहिरवार एवं प्रवेश प्रभारी डॉ. मनीषा व्यास ने बताया कि इच्छुक विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना शीघ्र प्रवेश सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया के दौरान यदि किसी विद्यार्थी को ऑनलाइन पंजीयन, दस्तावेज सत्यापन या अन्य किसी प्रकार की समस्या आती है, तो वह महाविद्यालय की प्रवेश समिति से संपर्क कर सकता है। प्रवेश समिति द्वारा विद्यार्थियों की सभी प्रवेश संबंधी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जाएगा।

### सरकारी भूमि पर कर रहे कब्जा, अतिक्रमण हटाने राजस्व विभाग नही दे रहा ध्यान

# मुक्तिधाम की भूमि पर किया अतिक्रमण अंतिम संस्कार करने गांव में नहीं जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

गांवों का सर्वागीण विकास हो सके इसके लिए सरकार द्वारा तमाम प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन धरातल पर उनका क्रियान्वयन सही तरीके से नही हो रहा है जिससे वर्तमान समय में भी विकास को कई गांव मोहताज है। ताजा मामला ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद के आश्रित ग्राम ब्रजधाम कोहका का सामने आया है जहां पर प्रमुख रूप से गांव मे अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम की आवश्यकता है।

ग्रामीण गिरजा यादव, गुलाब यादव, महेश यादव, बुल्ली यादव,राजकुमार यादव, सूरज यादव, मदन यादव,संजय यादव ,रामनारायण यादव,अरविंद हळदकार, राजेंद्र यादव, धर्मेंद्र हळदकार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम नही बना है। मुक्तिधाम के अभाव मैं अंतिम संस्कार करने बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा समस्या वर्षा काल के समय होती है जिस स्थल मैं पीढ़ियों से अंतिम संस्कार होता आया है वह सरकारी भूमि है लेकिन इन दिनों भूमाफियों के द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया।



भू माफियों के द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर सरकारी भूमि का विक्रय करवा रहे है। अतिक्रमण हो जाने से गांव मे अब कही भी भूमि नही बची जिससे अन्तिम संस्कार हो सके। इस स्थिति गांव के लोग अंतिम संस्कार करने कहा जाए यह सबसे बडी समस्या है।

#### विधायक की घोषणा के बाद भी अब तक नहीं हो सका मुक्तिधाम का निर्माण

ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2024 मे माघ मास में बसन्तोत्सव पर्व के दौरान विधायक प्रणय पांडेय गांव आये हुए थे जहां विधायक से मुक्तिधाम की मांग की गई।जिस पर विधायक ने गांव मे मुक्तिधाम का निर्माण हो इसके ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद के सरपंच व सचिव को निर्देशित किया था लेकिन अब तक मुक्तिधाम नहीं बन सका हैं। यदि अब जल्द ही उक्त शासकीय भूमि के खसरा नम्बर 699 से अतिक्रमण हटवाकर मुक्तिधाम नही बनाया गया तो ग्रामीणजन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

#### पंचायत विभाग ने जारी किये स्पष्ट निर्देश लेकिन नहीं दिख रहा असर

हाल ही में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के द्वारा स्पष्ठ आदेश जारी किये गये है कि जिन गाँवों मे अंतिम संस्कार करने मुक्तिधाम नहीं है। वहाँ प्राथमिकता के साथ मुक्तिधाम का निर्माण कराया जाये लेकिन स्लीमनाबाद ग्राम पंचायत के द्वारा जो मूलभूत जरूरतें है उनको लेकर कोई सार्थक पहल नहीं की जा रही है।

इस संबंध मे ग्राम पंचायत स्लीमनाबाद प्रभारी सचिव चंद्रभान चौधरी का कहना था कि मुक्तिधाम निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गईं हैं।

मुक्तिधाम के शेड के लिए टीएस -एएस उपयंत्री के द्वारा जारी किया जाना हैं। टीएस - एएस जारी होते ही मुक्तिधाम का शेड बनकर तैयार हो जायेगा।

#### इनका कहना है

तहसीलदार स्लीमनाबाद आकाशदीप नामदेव का कहना है कि ग्राम कोहका में मुक्तिधाम स्थल पर अतिक्रमण होने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त स्थल पर मुक्तिधाम बन सके इसके लिये मौके स्थल का निरीक्षण किया जाएगा व अतिक्रमण हटाने की कारवाई की जावेगी।



## नशा व्यक्ति की आदत नहीं, समस्त परिवार के लिए बन जाता हैं संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

जन अभियान परिषद द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया परोहा मैं नशा मुक्त को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया!कार्यक्रम में युवा सवेरा समिति के प्रमुख व मास्टर ट्रेनर गोवर्धन रजक ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टॉप को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोवर्धन रजक ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति की आदत नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लिए संकट बन जाता है।

नशे के कारण गंभीर बीमारियां जन्म लेती हैं, परिवार की आर्थिक स्थिति प्रभावित होती है और सामाजिक जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चे जागरूकता के सबसे प्रभावी माध्यम बन सकते हैं, क्योंकि उनकी बातों को परिवार में गंभीरता से सुना और माना जाता है। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य केवल जागरूकता फैलाना नहीं, बल्कि समाज में व्यवहार परिवर्तन लाना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि कहीं भी नशीले पदार्थों की बिक्री, भंडारण अथवा अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी मिले तो तत्काल प्रशासन या पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।वही जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक जगन सिंह मसराम ने कहा कि नशे के विरुद्ध लड़ाई केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि स्कूली विद्यार्थी नशे के दुष्परिणामों एवं नशे से दूर रहने का संदेश अपने परिवार, रिश्तेदारों और आसपास के लोगों तक पहुंचाकर इस अभियान के सशक्त दूत बनेंगे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2029 तक देश को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य के साथ यह अभियान निरंतर संचालित किया जाएगा।

### तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिये छात्रों को जाना होता है दूसरे शहर

## आदिवासी अंचल में आईटीआई खोलने की गई मांग, अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में युवाओं को तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ढीमरखेड़ा NSUI छात्र संगठन ढीमरखेड़ा एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ढीमरखेड़ा को सौंपा गया। ज्ञापन में शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा परिसर में शासकीय आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) प्रारंभ किए जाने की मांग की गई है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ढीमरखेड़ा आनंद मिश्रा ने ज्ञापन में कहा गया है कि ढीमरखेड़ा क्षेत्र मुख्य रूप से ग्रामीण एवं आदिवासी बाहुल्य है, जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।



लेकिन तकनीकी शिक्षा के लिए युवाओं को कटनी, जबलपुर और अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बाहर जाकर पढ़ाई करना कठिन होने के कारण अनेक छात्र-छात्राएं आईटीआई जैसी व्यावसायिक शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि यदि शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में आईटीआई कक्षाएं प्रारंभ कर दी जाती हैं तो क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर ही तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेगा। इससे युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा मिलेगी और भविष्य में स्वरोजगार एवं रोजगार के बेहतर अवसर भी उपलब्ध होंगे।

आवेदनकर्ता ने यह भी बताया कि शासन द्वारा तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में आदिवासी अंचल में आईटीआई की स्थापना शासन की मंशा के अनुरूप कदम होगा, जिससे दूर-दराज के ग्रामीण विद्यार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा।ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि इस प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा में शीघ्र आईटीआई की कक्षाएं प्रारंभ कराने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा जाए। इस मांग को लेकर स्थानीय युवाओं और विद्यार्थियों में भी उत्साह देखा जा रहा है। उनका कहना है कि यदि क्षेत्र में आईटीआई शुरू होती है तो उन्हें घर के निकट ही तकनीकी शिक्षा प्राप्त होगी और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे।अब क्षेत्रवासियों की निगाहें प्रशासन और शासन के निर्णय पर टिकी हैं कि आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों की यह मांग पर कब तक सकारात्मक पहल की जाती है।

### गुरू पूर्णिमा की तैयारियों का विधायक ने लिया जायजा



कटनी। दद्दा धाम स्थित श्री कृष्णा वृद्ध आश्रम में 29 जुलाई को आयोजित होने वाले गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। देशभर से हजारों गुरु भाई एवं श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए दद्दाजी शिष्य मंडल पूरी सक्रियता के साथ व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटा है। वरिष्ठ गुरुभाई संजय सत्येंद्र पाठक दद्दा धाम पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले पूज्य गुरुदेव पंडित देवप्रभाकर शास्त्री 'दद्दा जी' एवं गुरु माता जिज्जी मां के मंदिर और समाधि स्थल पर श्रद्धापूर्वक दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने आश्रम परिसर का भ्रमण कर गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण उपरांत श्री पाठक ने गुरु भाइयों एवं विभिन्न समितियों के प्रभारियों के साथ तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। संजय सत्येंद्र पाठक ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल गुरु वंदन का पर्व नहीं, बल्कि गुरु-शिष्य परंपरा, सेवा, समर्पण और संस्कारों को आत्मसात करने का पावन अवसर है। आयोजन को भव्य बनाने के लिए आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सभी गुरु भाइयों ने सेवा, समर्पण की भावना के साथ गुरु पूर्णिमा को सफल बनाने संकल्प लिया।

## प्रस्फुटन समितियों की बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संवाद योजनांतर्गत विकासखंड बहोरीबंद में प्रस्फुटन समितियों की विकासखंड स्तरीय मासिक बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन जनपद पंचायत बहोरीबंद सभागार में किया गया। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समितियों, नवांकुर संस्थाओं, परामर्शदाताओं, सीएम सोशल इंटर्न एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर बहोरीबंद थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश व्यौहार,जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे,जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल,विकासखंड समन्वयक,बालमुकुंद मिश्र,ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह का तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह



केशवाल ने परिषद की आगामी कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए 4 जुलाई से 12 अगस्त तक आयोजित स्वैच्छिकता पर्व/पखवाड़ा, हरियाली यात्रा, नवांकुर सखी अभियान,एक पेड़ मां के नाम,तिरंगा यात्रा तथा सीएमसीएलडीपी (बीएसडब्ल्यू /एमएसडब्ल्यू ) प्रवेश अभियान की जानकारी दी और सभी समितियों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।मुख्य अतिथि थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0" अभियान की जानकारी देते हुए नशे के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई तथा साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करते हुए आमजन को भी जागरूक करने का आग्रह किया। जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे ने जैविक खेती एवं जैविक खाद के महत्व पर व्याख्यान देते हुए कहा कि रासायनिक खेती के बढ़ते दुष्प्रभावों के कारण अनेक गंभीर बीमारियां बढ़ रही हैं। उन्होंने किसानों एवं युवाओं से जैविक खेती अपनाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।

### भारतीय किसान यूनियन द्वारा किये गये निरीक्षण में उजागर हुई अनियमितताएं

## पंचमुखी वेयर हाउस बसाड़ी में विक्रेता लखन पटेल की चल रही मनमानी!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

बड़वारा तहसील अंतर्गत पंचमुखी वेयरहाउस बसाड़ी मूंग खरीदी केंद्र में 27-जुलाई को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) कटनी पदाधिकारियों जिला अध्यक्ष सुधीर सिंह , जिला सचिव अमिताभ कुमार तिवारी ,जिला महामंत्री झल्ले सिंह रघुवंशी , एवं बड़वारा तहसील अध्यक्ष ओंकार पटेल द्वारा मूंग खरीदी केंद्र की व्यवस्थाओं और मीडिया के माध्यम से मिली जानकारी के आधार पर केंद्र में विक्रेता लखन पटेल के द्वारा किए जा रहे मनमानी पूर्ण आचरण की जानकारी प्राप्त होने पर औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें केंद्र में लखन पटेल द्वारा संपूर्ण खरीदी की जा रही है इस बात की पुष्टि हुई है



जबकि विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्र में वास्तविक केंद्र प्रभारी देवेंद्र पटेल नाम के व्यक्ति हैं जो कि केंद्र में मौजूद नहीं थे। बल्कि खरीदी प्रभारी के बारे में पूछे जाने पर कोई जानकारी नहीं दी गई। इसकी जानकारी केंद्र से ही सहायक आयुक्त कटनी राज यश वर्धन कुरील को भी तत्काल अवगत कराई गई और यह भी देखा गया कि किसानों से ली गई बोरियों का वजन 51.300 किलोग्राम से 51.550 किलोग्राम तक था। इन बोरियों का वजन वीडियो रिकॉर्ड भी है।

विक्रेता लखन पटेल की मनमानी पिछले वर्ष की मूंग खरीदी में भी चरम पर थी जिसकी जानकारी लगातार समाचार पत्रों में भी प्रकाशित हो रही थी। एवं भारतीय किसान यूनियन द्वारा संबंधित अधिकारियों को भी कई बार शिकायतें की गई जिस पर समिति प्रबंधक ने राहुल तिवारी ने कार्यवाही करते हुए विक्रेता लखन पटेल को भविष्य में किसी भी केंद्र का प्रभारी न नियुक्त करने के आदेश के साथ कार्यवाही भी की थी किंतु उसके बाद भी लगातार हर खरीदी में बिना नाम के खुलेआम लखन पटेल द्वारा खरीदी की जा रही है इससे यह स्पष्ट प्रतीत होता है की विक्रेता लखन पटेल को उनके ही विभाग के उच्च अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है।

भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा है कि पचंमुखी वेयर हाउस मूंग उड़द खरीदी केंद्र बसाड़ी से विक्रेता लखन पटेल को तत्काल हटाया जाए।

### साईनाथ स्कूल ऑफ नर्सिंग में लैम्प लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह

## नर्सिंग पेशा नहीं मानवता की सेवा का माध्यम, दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर के श्री हॉस्पिटल परिसर में साईनाथ स्कूल ऑफ नर्सिंग के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के लिए 'लैम्प लाइटिंग एवं ओथ टेकिंग' (दीप प्रज्वलन और शपथ ग्रहण) समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग के नए विद्यार्थियों ने मानव सेवा और अपने कर्तव्य के प्रति वफादार रहने की पवित्र शपथ ली।समारोह के मुख्य अतिथि कटनी के सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन डॉ. शोभना सक्सेना एवं डॉ. दीपक सक्सेना ने की। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर आमोद सक्सेना, श्रीमती स्वाति सक्सेना एवं सुश्री सांभवी सक्सेना विशेष रूप से उपस्थित




रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और नर्सिंग की जन्मदाता फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारियों द्वारा सभी नए छात्र-छात्राओं के लैम्प प्रज्वलित किए गए।

दीपों की रोशनी के बीच ओथ ऑफिसर श्रीमती अर्चना पीटर प्रिंसिपल गवर्नमेंट मेडिकल नर्सिंग कॉलेज जबलपुर द्वारा सभी विद्यार्थियों को नर्सिंग पेशे की मर्यादा बनाए रखने और बिना किसी भेदभाव के मरीजों की निःस्वार्थ सेवा करने की शपथ दिलाई।

मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नर्सिंग केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है।



चेयरमैन डॉ. शोभना सक्सेना और डॉ. दीपक सक्सेना ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि फ्लोरेंस नाइटिंगेल के आदर्शों पर चलकर ही चिकित्सा क्षेत्र में एक बेहतर पहचान बनाई जा सकती है। डायरेक्टर आमोद सक्सेना ने सभी नवागंतुक छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस गरिमामय समारोह में श्रीमति अर्चना पीटर ,अजीत नायर शीबा एंड्रयू , श्रीमति लीना वर्मा प्रिंसिपल mgm नर्सिंग कॉलेज, श्री हॉस्पिटल एवं साईनाथ स्कूल ऑफ नर्सिंग के डिप्टी डायरेक्टर दीपक माथुर और कॉर्डिनेटर प्रदीप पटेल एवं शिक्षकगण के नेतृत्व में कार्यक्रम का संचालन हुआ ,, अस्पताल का स्टाफ और नर्सिंग छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### नशा मुक्ति के लिए लोगों को किया जागरूक

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के पालन में अध्यक्ष, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जीतेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में सोमवार को न्यायालय प्रांगण ढीमरखेड़ा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन न्यायाधीश पूर्वी तिवारी द्वारा किया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बताया गया कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों के लिए हानिकारक है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने तथा शराब का सेवन कर वाहन न चलाने की सख्त सलाह दी गई, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। शिविर में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश पयासी, राजकुमार प्यासी, जयकिशोर शुक्ला उपस्थित रहे।


### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारों द्वारा श्रीमती त्रिवेणी **D/O** तुलाराम से ग्राम (मौजा) तेवरी; तहसील बहोरीबंद, जिला कटनी स्थित भूमि, खसरा क्रमांक 652/1, रकबा 1.27 हेक्टेयर। क्रय करने हेतु विधिवत बयाना देकर क्रय करने का इकरारनामा निष्पादित किया गया है अतः यदि उक्त भूमि/संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, सहकारी संस्था, कंपनी अथवा किसी अन्य पक्ष का कोई स्वामित्व अधिकार, बंधक (**Mortgage**), ऋणभार (**Charge**), न्यायालयीन वाद, निषेधाज्ञा, संबंधी दावा अथवा किसी भी प्रकार का वैधानिक अधिकार या आपत्ति हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी अधिवक्ता के कार्यालय में अपने प्रमाणित दस्तावेजों सहित लिखित रूप से प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई दावा अथवा आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति अथवा दावा नहीं है। इसके उपरांत मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख (**Sale Deed**) निष्पादित एवं पंजीकृत कराने के लिए स्वतंत्र होंगे तथा बाद में प्राप्त होने वाले किसी भी दावा या आपत्ति के लिए मेरे पक्षकार एवं अधोहस्ताक्षरी किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे।

**कटनी, दिनांक - 27/07/2026**

**योगेन्द्र कुमार बड़ेरा (एडवोकेट)**
जिला न्यायालय कटनी (म0प्र0)
मो0- 9329749537, 9981268641

**खबर संक्षेप**

## दूध एवं दुग्ध उत्पादों के लिए नमूने

**पन्ना।** दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट की रोकथाम के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर नमूना एवं निरीक्षण की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिले में भी लगातार नमूना एवं निरीक्षण की कार्रवाई जारी है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार राय ने सोमवार को मुख्य डाकघर तिराहा पन्ना में बाहर से आने वाले दूध विक्रेताओं को रोककर उनसे दूध के नमूने लिए गए, जिन्हें नियम अनुसार राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच उपरांत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण की कार्रवाई सतत जारी रहेगी।

## डॉ. शोभाराम ने अनाथ बच्ची की पढ़ाई की जिम्मेदारी ली

**अजयगढ़।** जिले के अजयगढ़ तहसील में विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. शोभाराम शर्मा ने अनाथ एक बच्ची की पढ़ाई की जिम्मेदारी उठाकर मानवता की मिसाल पेश की। स्कूल की एक साल की फीस न जमा होने के कारण पढ़ाई नहीं जा पा रही बच्ची के लिए डॉ. शर्मा ने फीस जमा कराने के साथ ही यूनिफॉर्म, किताबें और स्कूली बैग भी दिलवाए। उन्होंने कहा कि वे ऐसे परोपकारी काम समय-समय पर करते रहते हैं और सार्वजनिकता की ओर ध्यान नहीं देते। उनका मानना है कि लड़कियों की शादी कराने से बेहतर है उन्हें शिक्षित करना ताकि वे अपना भविष्य खुद तय कर सकें। डॉ. शर्मा फिलहाल कुछ और बच्चों की भी सहायता कर रहे हैं ताकि आर्थिकतरू अभाव के कारण वे पढ़ाई से वंचित न हों।

## हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग के निर्देश

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (आईपीएस) ने जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार, दोपहिया वाहन चलाते समय सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी आईएसआई मानक का हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करेंगे। थाना एवं शाखा प्रभारियों को भी अपने अधीनस्थ पुलिस बल को इन निर्देशों से अवगत कराते हुए शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने और स्वयं भी इसका पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन केवल कानूनी दायित्व नहीं, बल्कि स्वयं और परिवार की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट का नियमित उपयोग सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली गंभीर जनहानि को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### पीड़ित ने जंगल में ढूंढे बक्से

# खिड़की काटकर लाखों की चोरी: एक माह बाद भी खाली हाथ पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

नोहटा थाना क्षेत्र की बनवार चौकी अंतर्गत हुई सनसनीखेज चोरी का खुलासा एक माह बाद भी पुलिस नहीं कर सकी है। हैरानी की बात यह है कि जहां डॉग स्क्वॉड, फिंगरप्रिंट और साइबर टीम भी कोई सुराग नहीं जुटा पाई, वहीं पीड़ित ने खुद जंगल में भटककर चोरी गए सामान के खाली बक्से खोज निकाले। जानकारी के अनुसार 24-25 जून की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने सीढ़ी (नशेनी) लगाकर मकान में प्रवेश किया और लोहे की खिड़की काटकर अंदर घुस गए। इसके बाद अलमारी के ताले तोड़कर करीब 1.90 लाख रुपए नकद और लगभग 10 तोला सोने के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच करते हुए डॉग स्क्वॉड, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और साइबर टीम की मदद ली। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए, लेकिन कैमरे बंद मिलने से कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका। पीड़ित राजेश सिंह ने तीन बार पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। स्वयं पुलिस अधीक्षक भी बीते सप्ताह रात्रि में बनवार चौकी पहुंचे और आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए, लेकिन अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं।

इधर, अपनी मेहनत की जमा पूंजी गंवाने से परेशान पीड़ित ने खुद आसपास के क्षेत्रों और जंगलों में तलाश शुरू की। आखिरकार घटेरा रेलवे ट्रैक के किमी क्रमांक 1155/21ए से लगभग 700 मीटर दूर, आउटर सिग्नल के पास जंगल में उसे चोरी गए सामान के खाली बक्से पड़े मिले। पीड़ित के अनुसार मौके से एक काला बैग, करीब छह से सात प्लास्टिक के डिब्बे जिनमें आभूषण रखे थे, अंगूठियां रखने की डिब्बी तथा बैंक पासबुक भी बरामद हुई है।

नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि घटना स्थल से करीब 4 किलोमीटर दूर ये खाली बक्से मिले हैं। मामले में साइबर टीम और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की मदद ली जाएगी। उन्होंने कहा कि एक माह से अधिक समय बीत चुका है, ऐसे में यदि कोई तकनीकी सुराग मिलता है तो उसी के आधार पर आगे जांच बढ़ाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि बनवार ग्राम में अधिकांश सीसीटीवी कैमरे बंद पाए गए, जिससे जांच में कठिनाई आ रही है। पुलिस अज्ञात चोरों तक पहुंचने के प्रयास कर रही है।

पीड़ित राजेश सिंह ने बताया कि चोरी की घटना के बाद से ही परिवार के करीब पांच सदस्य टीम बनाकर लगातार क्षेत्र में सुराग तलाश रहे थे। सोमवार को जंगल में खोजबीन के दौरान उन्हें चोरी से संबंधित सामग्री मिली, जिसे पुलिस को सौंप दिया गया है।

गौरतलब है कि बनवार में यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले 24 अप्रैल 2022 को बुंदेली गायिका लक्ष्मी ठाकुर के घर से भी करीब 12 लाख रुपए नकद और जेवरात की बड़ी चोरी हुई थी, जिसका सुराग आज तक नहीं लग पाया है।

लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं और पुलिस की निष्क्रियता से क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का सवाल है कि जिले भर में अधिकांश चोरी की घटनाओं में पुलिस को सफलता मिल जाती है, लेकिन बनवार ग्राम की चोरियां आज तक रहस्य क्यों बनी हुई हैं?

## पुलिस-बैंक समन्वय बैठक आयोजित, बैंक एटीएम फ्राड को रोकने दिये निर्देश

**दमोह।** बैंक, एटीएम की सुरक्षा और साइबर ठगी की घटनाओं की रोकथाम को लेकर सोमवार को नए पुलिस कंट्रोल रूम में जिला स्तरीय पुलिस-बैंक समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने की। बैठक में जिले के विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने बैंक एवं एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने तथा साइबर फ्रॉड की बढ़ती घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही बैंक अधिकारियों और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय बनाकर आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया।



# आदिवासियों के पटटे की छीनी गई भूमि वापिस कराने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

### एकता परिषद ने भूमि अधिकार एवं विस्थापन के मुददे निपटाने जिला समन्वयं बैठक रखने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



जन संगठन म. प्र. एकता परिषद के बैनर तले सोमवार को गांव उदयपुरा पंचायत बछामा ब्लॉक हटा के आदिवासियों ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर प्रताप नारायण यादव से उनकी वन अधिकार कानून के तहत प्राप्त पटटे की भूमि पन्ना टाईगर रिजर्व बफर जोन प्रबन्धन एवं वन विभाग व्दारा अवैधानिक तरीके से छीने जाने का विरोध करते हुये जबरन छीनी गई उक्त खेती की भूमि लौटाने की मांग की । साथ ही भूमि अधिकार एवं विस्थापन के मुद्दों को लेकर कलेक्टर से शीघ्र जिला समन्वय बैठक आयोजित करने की मांग की गई। ज्ञापन नायब तहसीलदार धनीराम गौड़ के माध्यम से कलेक्टर दमोह को दिया गया।

इस संबंध में एकता परिषद के जिला समन्वयक सुजात खान ने बताया कि मडियादो क्षेत्र के उदयपुरा गांव में रहने वाले किसना आदिवासी, मलखान गौड़, गनपत गौड़, सोने लाल गौड़ को वन अधिकार कानून के अंतर्गत वर्ष 2011 में विधिवत पीडीए सर्वे कराके व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र कृषि कार्य करने दिया गया था। उसी जमीन पर इन आदिवासियों के द्वारा परंपरागत ढंग से कब्जा कर खेती का कार्य करते हुए अपने परिवार का सम्मान पूर्वक पालन पोषण किया जा रहा था।

इन आदिवासियों ने अपनी पटटे की जमीन पर मे बाकायदा मेढ़बंदी , भूमि सुधार कार्य करने के अलावा अपने श्रमदान एवं मननरेगा कानून से प्राप्त राशी से सिचाई हेतु कुआँ तक खोद लिये थे । किंतु आज पन्ना टाइगर रिजर्व बफर जोन प्रबंधन एवं वन विभाग के द्वारा इन भोले भाले, गरीब, वंचित,आदिवासियों को उस वन अधिकार कानून के तहत विधिवत पटटे पर प्राप्त खेती की जमीन से अवैधानिक तरीके से तानाशाही पूर्वक जबरन हटाकर उस पर नर्सरी लगा दी गई है। आदिवासियों को डरा धमकाकर गुमराह कर दिया गया है। और आज इन आदिवासियों को वर्षों से काबिज पटना प्राप्त वैध खेती की जमीन से बलपूर्वक एवं मनमाने ढंग से बेदखल कर दिया गया है। वर्तमान में इन परिवारों में भयंकर भय, भूख, गरीबी, बेकारी, पलायन एवं अराजकता का माहौल उत्पन्न हो गया है । ज्ञापन में इन आदिवासियों की छीनी गई खेती की जमीन तत्काल वापिस करने की आंदोलन की चेतावनी देते हुए मांग की गई है। साथ ही मध्यप्रदेश एकता परिषद के द्वारा कलेक्टर से जिले भर के भूमि अधिकार, विस्थापन एवं आजीविका के मुद्दों को लेकर तत्काल जिला समन्वय बैठक आयोजित करने की मांग भी की गई है। इनका के युवा नेता प्रेवेन्द्र चन्द्राकर ने बताया कि सम्पूर्ण दमोह जिला मे कांग्रेस व्दारा पारित वनाधिकार कानून की क्रियान्वयन के स्तर पर जबरदस्त लापरवाही की जा रही है।

आदिवासियों के कानून को बलाय ताक रखकर आदिवासियों के साथ शासन प्रशासन व्दारा अन्याय अत्याचार कर उन्हें परपंरागत भूमि अधिकार से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर से वनाधिकार कानून को जिले मे सक्रिय रूप से लागू करने की बात कही। इस अवसर पर सूरज रानी आदिवासी, सन जली बहू गौड़, संजू प्रसाद अहिरवार, परषोत्तम सिंह आदिवासी आदि मौजूद रहे।

# प्रजापति बर्दिया समाज ने मनाई देव दक्ष प्रजापति की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह जिला प्रजापति बर्दिया समाज द्वारा सोमवार को देव दक्ष प्रजापति जयंती समारोह का आयोजन नगर के जटाशंकर धाम स्थित धर्मशाला में किया गया जहां से नगर में विशाल शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जटाशंकर धाम से विशाल शोभा यात्रा निकालकर किया गया शोभायात्रा बेलाताल से होते हुए कोऑपरेटिव बैंक चौराहा बस स्टैंड से घंटाघर एवं अंबेडकर चौराहा से पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंची।

शोभायात्रा में देव दक्ष प्रजापति के चित्र को विराजमान किया गया एवं घोड़े पर मां दुर्गा स्वरूप सवार कन्याएं सुशोभित हो रही थी वही युवा वर्ग भगवा ध्वज लहराते हुए शोभायात्रा में चल रही थे वही समाज के महिला पुरुष बड़ी संख्या में सम्मिलित रहे। शोभा यात्रा उपरांत धर्मशाला में मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां सर्वप्रथम समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा देव दक्ष प्रजापति का पूजन-अर्चन कर किया गया इसके उपरांत जिले के सभी ब्लॉकों से उपस्थित वरिष्ठ जनों का सम्मान पदाधिकारियों द्वारा किया गया इसके उपरांत प्रजापति समाज के समूचे जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को शील्ड प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन भंडारे के साथ किया गया जिसमें समुचित जिले से हजारों की संख्या में महिला पुरुषों एवं युवाओं बच्चों की उपस्थिति रही।



## दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने शिविर आयोजित

**तेंदूखेड़ा।** जिला कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशानुसार जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने तथा एडीआईपी योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का चयन करने के उद्देश्य से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना, उन्हें आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराना तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना रहा। शिविर में कुल 170 आवेदन प्राप्त हुए। परीक्षण एवं पात्रता के आधार पर 25 हितग्राहियों को अतिथियों द्वारा निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किए गए, जिससे वे अपने दैनिक जीवन में अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगे। इसके अतिरिक्त 32 हितग्राहियों को दिव्यांग प्रमाण-पत्र के लिए पात्र पाया गया, जबकि 90 हितग्राहियों को विभिन्न सहायक उपकरणों के लिए पात्रता प्रदान की गई। शेष पात्र हितग्राहियों को आगामी शिविरों में आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भावसिंह लोधी ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। शिविर के दौरान एक भावुक और प्रेरणादायी दृश्य भी सामने आया। कृत्रिम अंग प्राप्त करने के बाद एक दिव्यांग युवक मोटरसाइकिल पर बैठने में असहज महसूस कर रहा था। यह देखकर सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी स्वयं आगे आए और उन्होंने युवक का हाथ थामकर उसे सहारा दिया, सावधानीपूर्वक मोटरसाइकिल पर बैठने में मदद की तथा भविष्य में भी हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सी.जी. गोस्वामी, सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी, मंडल अध्यक्ष संतकुमार पाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोविंद यादव, भारत सिंह लोधी, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी विक्रम सिंह लोधी सहित जनपद पंचायत का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने दिव्यांगजनों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। यह शिविर केवल कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि सेवा, संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकार का भी उत्कृष्ट उदाहरण बना। आयोजन ने यह संदेश दिया कि दिव्यांगजनों को सम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता प्रदान करना समाज और प्रशासन की साझा जिम्मेदारी है।



## श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कारगिल विजय दिवस मनाया



**दमोह।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दमोह में रविवार को कारगिल विजय दिवस श्रद्धा, गौरव एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर वीर सैनिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य, त्याग और राष्ट्रनिष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से देशभक्ति, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की भावना को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. इंदिरा जैन ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के अद्वितीय बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका त्याग सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। एनसीसी अधिकारी डॉ. के. एस. बामनिया ने कारगिल युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं भारतीय सेना की वीरता पर प्रकाश डालते हुए कैडेट्स को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा के प्रति सदैव समर्पित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में एनएसएस अधिकारी डॉ. जितेन्द्र कुमार चौधरी सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सभी ने वीर शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।यदि कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स, एन एस एस वालिंटियर एवं छात्र-छात्राओं या अन्य प्राध्यापकों की भी उपस्थिति थी।

## सकल हिन्दू समाज ने लोकतंत्र सेनानी उमा गुप्ता को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**दमोह।** सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के द्वारा लोकतंत्र सेनानी व भाजपा के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय श्री उमा गुप्ता के निधन के उपरांत श्रंद्धाजलि सभा का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम नगर पुरोहित राहुल शास्त्री के द्वारा शांति पाठ कर श्रंद्धाजलि सभा प्रारंभ हुई श्रंद्धाजलि सभा के दौरान स्वर्गीय श्री उमा गुप्ता के द्वारा समाज के कल्याण के लिए किए गए सराहनीय कार्य, रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से चिकित्सा के क्षेत्र में, हटा नाका मुक्ति धाम के विकास कार्य एवं शिव जी की विशाल प्रतिमा स्थापित करने के कार्य को याद करते हुए सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के द्वारा आयोजित सभा में श्रंद्धाजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से दमोह के पूर्व विधायक अजय टंडन, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित विद्यासागर पांडेय, नगर सुधार न्यास के पूर्व डाक्टर भरत शिवहरे, आचार्य पंडित चंद्रगोपाल पौराणिक,समाजसेवी नरेन्द्र दुबे, वरिष्ठ पत्रकार नारायण सिंह ठाकुर, अटल राजेन्द्र जैन, कपिल सोनी, अनिल मिश्रा, रमन खत्री, लालचंद राय, राजीव बद्री ठाकुर, जगजीत सिंह बिल्लू बाधवा, राजीव राय सावजी,पवन गुप्ता,नंदन चक्रवर्ती, लक्ष्मी अग्रवाल,अमरदीप जैन (लालू),तरूण सिरोठिया, भगवत बंसल, प्रशांत शैन्डेय, युवा सकल हिन्दू समाज जिला अध्यक्ष मोंटी रायकवार,नगर अध्यक्ष राजू नामदेव,कवीश सिंघई,अक्षत गोस्वामी, गीतेश अठया सहित स्वर्गीय श्री उमा गुप्ता के परिजन भाई जगदीश गुप्ता, विष्णु गुप्ता, उनके पुत्र कपिल गुप्ता, अखिल गुप्ता, अखिलेश गुप्ता के साथ परिजनों को गहरा दुःख सहने की प्रार्थना ईश्वर से की गई है। शोक सभा का संचालन सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के उपाध्यक्ष राजीव राय सावजी, युवा सकल हिन्दू समाज जिला अध्यक्ष मोंटी रायकवार एवं आभार सकल हिन्दू समाज के जिला अध्यक्ष कपिल सोनी के द्वारा समापन में दो मिनट का मौन धारण कर श्रंद्धाजलि अर्पित की गई है।



## विभिन्न मागों को लेकर मानव कल्याण संगठन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**दमोह।** भगवती मानव कल्याण संगठन जिला दमोह द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर दमोह कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया जिसमें म.प्र. निम्नलिखित मांगे है कि आवकारी विभाग दमोह में पदस्थ रविन्द्र खरे आवकारी अधिकारी, मधु सूदन दीवान आबकारी निरीक्षक, अनुरूद्ध सेन यह कि आवकारी विभाग दमोह में पदस्थ रविन्द्र खरे आवकारी आवकारी निरीक्षक जो कि काफी लम्बे समय से पदस्थ है. जिसके कारण सभी शराब ठेकेदार एंव अवैध शराब माफियाओ से इनके संबंध है, जिससे कार्यवाही नहीं करते है अतः इनका अविलम्ब स्थानातंरण किया जावे एंव इनकी संपत्ति की जांच कराई जावे।

जिले में संचालित शासकीय शराब दुकानो के संचालन के लिये म.प्र. राजपत्र 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक आवकारी व्यवस्था हेतु प्रातः 8:30 बजे से प्रातः 9:30 बजे तक का समय लेखा संधारण के लिये एंव शराब विक्रय का समय प्रातः 9:30 बजे से रात्रि 11:30 बजे तक निर्धारित किया गया है लेकिन जिला आबकारी अधिकारी एंव स्टाफ की मिली भगत से 24 घंटे शराब दुकान के पीछे के दरखोजो से शराब का नियम विरूद्ध एंव अवैधानिक रूप से विक्रय किया जाता है, शिकायत के बाद भी आवकारी विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है, शासकीय दुकानो से शराब थोक एवं फुटकर में गांव गांव भेजकर अवैध विक्रय कराया जा रहा है, जिसे भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा सूचना देकर पकड़वाया जाता है। शराब दुकान के ठेकेदार व मैनेजर को सहआरोपी नहीं बनाया जाता है जिससे यह अवैध कारोवार में संलग्न बने रहते है अतः संबंधित शराब दुकान के ठेकेदारों व मैनेजर को सह आरोपी बनाया जावे। दमोह जिले के पुलिस थाना सिटी कोतवाली दमोह देहात, हटा, पथरिया, जबेरा, बटियागढ, तेंदूखेडा, पटेरा, हिण्डोरिया, नोहटा, कुम्हारी, गैसाबाद, तारादेही, तेजगढ, मगरोन, एवं स्नेह एवं सभी पुलिस चौकियो में आने जाने ग्रामों मे अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, अवैध उत्खन्न एंव परिवहन व भंडारण एवं अवैध मादप पदार्थो एंव गौवंश की तस्करी व अवैध के संरक्षण में की जा रही है, विकी वेखौफ होकर थाना प्रभारियो एवं स्टाफ जिसके संबंध में थाना प्रभारियो को दी जाने वाली सूचना एवं आवेदन पत्रो पर कार्यवाही नहीं किये जाने पर श्रीमान जी के सूचना एंव आवेदन पत्र दिये गये हैं। भगवती मानव कल्याण संगठन जिला दमोह के कार्यकर्ताओ द्वारा लगभग 20 वर्षो से अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, अवैध उत्खनन परिवहन एंव भंडारण, अवैध गौवशं परिवहन एंव अन्य सामाजिक बुराईयो के विरूद्ध जन जागरण एंव सहयोगात्मक रूप से शासन प्रशासन एंव पुलिस का सहयोग करता आ रहा है। संगठन द्वारा निरंतर लोगो को नशा मुक्त जीवन जीने एंव कुरीतियो से दूर रहने के लिये प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है, संगठन द्वारा ग्राम पंचायत व पुलिस प्रशासन के सहयोग से लगभग 300 से अधिक ग्राम पंचायतो मे वर्ष 2024 एंव 2025 में शराब मुक्त ग्राम पंचायत घोषत कराने का प्रस्ताव ग्राम पंचायतो द्वारा पारित किया गया था आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया एवं जल्द कार्यवाही की मांग की है।

## बैडमिंटन टूर्नामेंट का हुआ समापन



**दमोह।** जिला पुलिस दमोह द्वारा पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन में संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत आयोजित बैडमिंटन टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। 22 जुलाई से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में जिलेभर के विभिन्न आयु वर्ग के 130 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। वहीं सिंगल्स और डबल्स वर्ग के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार, शील्ड और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के साथ उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपने-अपने क्षेत्र में नशामुक्त समाज का संदेश फैलाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना विकसित करने के साथ नशामुक्ति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा।

## स्वयं बनाएं खिलौना आधारित शिक्षण पर हुई कार्यशाला



**तेंदूखेड़ा।** महिला एवं बाल विकास विभाग, दमोह के जिला कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार तेंदूखेड़ा परियोजना कार्यालय में एक दिवसीय 'स्वयं बनाएं' खिलौना आधारित शिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला में तेंदूखेड़ा-01 एवं समनापुर सेक्टर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों से शिक्षण सामग्री तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्थानीय एवं कम लागत वाली सामग्री का रचनात्मक उपयोग करते हुए बच्चों के लिए आकर्षक, ज्ञानवर्धक एवं प्रभावी शिक्षण-अधिगम सामग्री तैयार करना था, ताकि प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को अधिक रोचक, सहभागी और परिणाममुखी बनाया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्य चतुरेश, राजीव एवं प्रतीक ने गतिविधि-आधारित एवं सहभागी पद्धति से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के विभिन्न विकासात्मक क्षेत्रों, जैसे शारीरिक, संज्ञानात्मक, भाषाई, सामाजिक एवं भावनात्मक विकास पर आधारित खिलौनों एवं शिक्षण-अधिगम सामग्री के निर्माण की तकनीक सिखाई। इस अवसर पर प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी राजू नामदेव एवं सेक्टर पर्यवेक्षक नंदराम तथा श्रीमती विमला ठाकुर उपस्थित रहे।

## अघोषित विद्युत कटौती से आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों ने किया प्रदर्शनः जाम के बने हालात

**अधिकारियों के आश्वासन पर माने ग्रामीण, कटौती पर दी आंदोलन की चेतावनी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

पटेरा तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में विगत दो तीन दिन से की जा रही रात्रि कालीन कटौती से ग्रामीणों में जबरजस्त आक्रोश व्याप्त है। विधायक प्रतिनिधि भरत पटेल की आपत्ति व चर्चा के बाद भी जब दूसरे दिन कटौती हुई तो विधायक उमा देवी खटीक ने भी अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित घंटों की रात्रि कालीन कटौती पर एतराज जताया लेकिन जब रवि की रात्रि में कटौती का वही खेल चला तो ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं वृद्धों ने पटेरा विद्युत मंडल कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। थोड़ी ही देर में भीड़ बहुत ज्यादा हो गई व जाम के हालात बन गए। सूचना पा कर थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर पुलिस बल के साथ पहुंचे व समझाइश देना शुरू किया।



सभी विद्युत मंडल प्रभारी रविशंकर तिवारी पहुंचे एवं प्रदर्शन चर्चा में तब्दील हो गया। प्रभारी अधिकारी श्री तिवारी का कहना था कि विद्युत की एक यूनिट बंद होने से ऊपर से जो निर्देश ग्रामीण क्षेत्रों में कटौती को लेकर है उसी का पालन किया जा रहा है। ओवरलोड के कारण ऐसा हो रहा है। विधायक प्रतिनिधि का कहना था कि कटौती दिन में करो रात्रि में करो तो उसका समय निश्चित रहे ताकि ग्रामीण जब अपनी तैयारी में रहें। संभागीय यंत्री से भी बात की गई तो उन्होंने भी अपने पटेरा प्रभारी की बात दोहराई। लेकिन इस संकट के कारण कुछ दिनों के लिए सहयोग मांगा व जितना संभव हो सकेगा कटौती कम करने की बात कही। तब आंदोलन स्थगित हो गया। यदि कटौती इसी प्रकार होगी की 15 मिनट प्रदाय और 2 घंटों को कटौती तो आंदोलन की पुनः चेतावनी दी। बाद में विधायक उमादेवी के साथ उनके प्रतिनिधि भारत पटेल दमोह अधिकारियों से चर्चा करने गए परंतु अधीक्षक अभियंता व संभागीय यंत्री नहीं मिले। इस भीषण गर्मी में रात्रि कालीन कटौती से आम जन जीवन प्रभावित होता है। सुचारू व्यवस्थाकी मांग क्षेत्रवासियों ने की है।

### रात में विद्युत गुल होने पर पुनः युवाओं ने किया प्रदर्शन



पटेरा में दिन भर चले विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन के बाद रात्रि में पुनः विद्युत कटौती की गई। लेकिन इस बार नगर की भी लाइट बंद कर दी गई जिससे नगर व आसपास के युवाओं ने हंगामा के हालात बना दिए। विद्युत मंडल के खिलाफ नारेबाजी कर दी। थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर ने तुरंत ही विद्युत अधिकारियों से संपर्क कर विद्युत सुचारू रूप से चालू करवाई गई। जिससे नगर व क्षेत्र में शांति कानून व्यवस्था बनी रहे।

## पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत

**हटा।** अनुविभाग हटा के रजपुरा थाना के समीप सेमरा गांव में सोमवार को स्कूल के सामने पानी से भरे गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की दुखद मौत हो गई। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पानी से बच्चों को निकाल कर डायल 112 के द्वारा सिविल अस्पताल हटा लाया गया जहां ड्यूटी डॉक्टर ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। मृतको में सोनू यादव और भविष्य यादव पिता संजू यादव शामिल है। जानकारी के अनुसार यहां पेट्रोल पंप निर्माण के लिए मिट्टी खुदाई की गई थी जिससे खदान का गड्ढा बन गया जिसमें बरसात के दौरान पानी भर गया। दोनों बच्चे इसमें नहाने के लिए गए थे जिनकी डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर हटा एसडीओपी कृष्णपाल सिंह सिविल अस्पताल हटा पहुंचे जहां मामले की जानकारी लेते हुए परिजनों से चर्चा की। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही का दोनों बच्चों के शव का पोस्टमार्टम करते हुए परिजनों को सोपा गया। गांव में एक साथ दोनों बच्चों की दुखद मौत से मातम छाया हुआ है।

## निर्माणाधीन सड़क पर हादसाः ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटीं, भवन निर्माण सामग्री में दबने से युवक की मौत



**हटा।** दमोह-हटा स्टेट मार्ग पर स्थित लुहारी गांव के पास रविवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली हटा से कुआंखेड़ा महदेले गांव भवन निर्माण सामग्री लेकर जा रही थी। ट्रॉली में निर्माण सामग्री के साथ बैठे लालसिंह पिता अर्जुन सिंह (33 वर्ष), निवासी कुआंखेड़ा महदेले ट्रॉली पलटने से सामग्री के नीचे दब गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।सूचना मिलते ही हटा थाना पुलिस 112 मौके पर पहुंची जहां ड्यूटी डा आरपी कोरी ने मृत घोषित कर दिया और शव को पंचनामा कार्यवाही के लिए पुलिस को सूचना दी गई एवं पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया ।हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसा निर्माणाधीन सीसी सड़क पर ट्रॉली का संतुलन बिगड़ने और नीचे उतरने के कारण हुआ प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल की स्थिति से भी निर्माणाधीन सड़क हादसे की एक प्रमुख वजह मानी जा रही है। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। हटा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि हादसा चालक की लापरवाही, सड़क निर्माण की स्थिति अथवा अन्य किसी कारण से हुआ।

## लोड सेडिंग के नाम पर अंधेरे में गांव, नाराज लोगो ने किया बनवार केंद्र का घेराव

**बनवार।** दमोह जिले के ग्रामीण अंचलों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। लोड सेटिंग के नाम पर हो रही लगातार और अनियमित बिजली कटौती ने आमजन का जीवन संकट में डाल दिया है। नोहटा, चौपरा, चंडी और बनवार विद्युत वितरण केंद्र से जुड़े सैकड़ों गांवों में हालात ऐसे हैं कि हर घंटे बिजली गुल हो रही है। उमस भरी भीषण गर्मी में रातें काटना मुश्किल हो गया है—जहां छोटे बच्चे रोते-बिलखते नजर आ रहे हैं, वहीं बुजुर्गों और बीमारों की हालत लगातार बिगड़ रही है।

ग्रामीणों का आरोप है कि शहरी क्षेत्रों को प्राथमिकता देकर गांवों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। जहां शहरों में अपेक्षाकृत कम कटौती हो रही है, वहीं गांवों में अघोषित बिजली संकट बना हुआ है। रात होते ही अंधेरा छा जाता है और लोग घरों से बाहर



चबूतरों, आंगनों और सड़कों पर लेटकर बैठकर रात गुजारने को मजबूर हैं। आक्रोश फूटा, बनवार केंद्र का घेराव

स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब बनवार क्षेत्र के सैकड़ों युवक और ग्रामीण एकजुट होकर विद्युत वितरण केंद्र पहुंच गए और घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों के साथ तीखी नोकझोंक की स्थिति बनी। हालांकि किसी प्रकार की तोड़फोड़ नहीं हुई, लेकिन ग्रामीणों ने जल्द समस्या समाधान की मांग रखते हुए चेतावनी दी कि अगर अघोषित बिजली कटौती बंद नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

चोरी और डर का माहौल ग्रामीणों ने बताया

पंडित राजा दुबे ने कहा,“पहले तय समय पर बिजली कटती थी, लेकिन अब बिना सूचना के पूरी रात कई बार बिजली जा रही है। लोग सो नहीं पा रहे हैं। 25 जून को गांव में बड़ी चोरी भी हुई थी, ऐसे में अंधेरे ने लोगों की दहशत और बढ़ा दी है।” सुभाष अहिरवार (सरपंच प्रतिनिधि, बनवार) ने बताया, “हर घंटे बिजली कट रही है। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। लोग घर छोड़कर बाहर रात बिताने को मजबूर हैं, यह स्थिति बिल्कुल असहनीय हो चुकी है।” निजाम सिंह और दुरग सिंह ने नाराजगी जताते हुए कहा, “शहरों में बिजली चालू रहती है, लेकिन गांवों को अंधेरे में रखा जा रहा है। यह सीधा-सीधा भेदभाव है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।” कि हाल ही में क्षेत्र में चोरी की घटनाएं भी बढ़ी हैं। अंधेरे के कारण लोगों में भय का माहौल है और सुरक्षा को लेकर चिंता गहराती जा रही है। बिजली कटौती ने ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। दक्षिण संभाग दमोह के कार्यपालन अभियंता एमएल साहू ने बताया, “सिंगरौली पावर प्लांट में खराबी के कारण बिजली उत्पादन प्रभावित हुआ है। इसी वजह से लोड सेटिंग करनी पड़ रही है। शहरी क्षेत्रों में इमरजेंसी सेवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में कटौती की जा रही है।” बिजली संकट से जूझ रहे ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। फिलहाल पूरे क्षेत्र में बिजली कटौती को लेकर गहरा असंतोष और आक्रोश व्याप्त है।

## दुष्कर्म मामले में त्वरित कार्रवाई, एक आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** पथरिया थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ कथित दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की शिकायत पर थाना पथरिया में अपराध क्रमांक 368/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64(1), 70(1), 332(बी) एवं 351(2) में मामला दर्ज किया गया। शिकायत में आरोप है कि 25 जुलाई की रात ग्राम नंदरई निवासी साहिल सिंह ठाकुर और भागवल सौर उसके घर में घुसे तथा बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल आरोपियों की तलाश शुरू की। 27 जुलाई को मुख्य आरोपी साहिल सिंह ठाकुर (24) को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं नामजद दूसरे आरोपी भागवल सौर की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक नेहा गोस्वामी के नेतृत्व में पथरिया थाना पुलिस एवं साइबर सेल दमोह की टीम ने संयुक्त रूप से की।

## पटेरा उत्कष्ट विद्यालय में नया तमाशा

**पटेरा।** पटेरा संकुल आये दिन चर्चाओं में बना रहता है। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में रविवार को सुबह ट्रक पहुंचन एवं सामग्री भरने बोरियां व तौलने कांटा भी रखे होने की चर्चायें पहुंची तो मीडिया कर्मियों की एक टीम पहुंची तो सन्नाटा छा गया। जब माल भरा पड़ा था की चाबी न मिलने की बात स्वयं प्राचार्य वंदना भोज करने लगी। जिससे यह सहज की अनुमान लगाया जा सकता है कि नियमानुसार अनुपयोगी सामग्री बेची जाना थी तो रविवार की सुबह से ही क्यों? सामग्री की सूची व दरें कब आमंत्रित की गई क्यांकि 407 वाहन भरकर रद्दी या पुस्तके बगैर दरें आमंत्रित कर बेचना शासन के नियमों की अव्हेलना है। बताया जाता है कि सोमवार को पिछली दिनांक में कुछ प्रस्ताव लिखे जाने की चर्चा चर्चित रही। ताकि अवैध को वैध दर्शाया जा सके। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी का कहना है कि नोटिस जारी कर जांनकारी मांगी जा रही है।

## फार्मासिस्ट बिना दवा बेचने पर मेडिकल स्टोर किया बंद

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देशानुसार जिले में संचालित मेडिकल स्टोर्स का सतत निरीक्षण किया जा रहा है, इसी क्रम में हिंडोरिया में संचालित शिखर मेडिकल, दीप मेडिकल एंड जनरल स्टोर, जेपी मेडिकल एंड जनरल स्टोर, चौरसिया मेडिकल एवं चौधरी मेडिकल का निरीक्षण औषधि निरीक्षक महिमा जैन द्वारा किया गया।

निरीक्षण के दौरान वैध ड्रग लाइसेंस, फार्मासिस्ट की उपस्थिति में दवा का विक्रय दवाइयां के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड एक्सपायरी ड्रग मैनेजमेंट नारकोटिक्स मेडिसिन इत्यादि की जांच की गई। इस दौरान जेपी मेडिकल एंड जनरल स्टोर पर रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में दवाओं का विक्रय किया जाना पाया गया एवं अन्य अनियमिताओं की वजह से तत्काल मेडिकल का संचालन बंद कराया गया। उन्होने कहा कुछ मेडिकल स्टोर पर दवाओं के विक्रय रिकॉर्ड नहीं पाए गए एवं एक्सपायरी मेडिसिन ट्रेड स्टॉक के साथ संधारित पाई गई। ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 के तहत उक्त मेडिकल संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। समय सीमा में दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नियमानुसार लाइसेंस निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

## सचिव संगठन के अध्यक्ष बने प्रमोद सिंह, हर्ष पटेल उपाध्यक्ष निर्वाचित



**हटा।** जनपद पंचायत हटा अंतर्गत पंचायत सचिव संगठन के नवीन अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का सर्वसम्मति से निर्वाचन संपन्न हुआ। संगठन के अध्यक्ष पद पर प्रमोद सिंह राजपूत (ब्यौहारी) तथा उपाध्यक्ष पद पर हर्ष वर्धन पटेल (हिनौता कलां) को सर्वसम्मति से चुना गया। निर्वाचन उपरांत संगठन के सभी पंचायत सचिव साथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन में उत्साह एवं सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। संगठन के पूर्व अध्यक्ष अशोक उपाध्याय सहित सभी सदस्यों ने दोनों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त, सक्रिय तथा संगठित होकर पंचायत सचिवों के हितों के संरक्षण एवं संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति प्रदान करेगा। साथ ही सभी साथियों ने संगठन की एकजुटता बनाए रखते हुए आपसी समन्वय एवं सहयोग की भावना से कार्य करने का संकल्प भी दोहराया।

## वेदांश नेमा का एमबीबीएस में चयन





**पटेरा।** संदीपनी शासकीय मॉडल उच्च माध्यमिक विद्यालय, पटेरा के प्राचार्य विवेक नेमा के सुपुत्र वेदांश नेमा का एमबीबीएस पाठ्यक्रम में चयन होने पर इंदौर के एक कोचिंग संस्थान द्वारा उन्हें ग्लैमर बाइक प्रदान कर सम्मानित किया गया। वेदांश की इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय एवं क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। उनकी सफलता पर परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी।

## कुण्डलपुर बड़े बाबा की नगरी में यह चातुर्मास धर्मप्रभावना का महापर्व बनेगा : निर्यापक मुनिश्री समता सागरजी

**कुण्डलपुर।** बड़े बाबा के पावन दरबार में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए निर्यापक श्रमण मुनि श्री समतासागर जी महाराज ने कहा कि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज का बड़े बाबा के प्रति समर्पण अद्वितीय था। उन्होंने बताया कि जब आचार्य श्री ने पहली बार बड़े बाबा के दर्शन किए,उसी प्रथम दर्शन में उनका हृदय प्रभु के चरणों में पूर्णतः समर्पित हो गया। वर्षों से जिन बड़े बाबा का नाम सुनते आए थे,उनके प्रत्यक्ष दर्शन ने उन्हें भाव विभोर कर दिया और उनकी आँखों से आनंदाश्रु बह निकले।

मुनिश्री ने कहा कि आचार्य श्री ने अपने जीवन में दो महान विभूतियों को पूर्णतः आत्मसात किया—अपने गुरु आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज को तथा अपने आराध्य इष्टदेव कुण्डलपुर के बड़े बाबा को।यही कारण है कि जन्म,दीक्षा और आचार्य पद, समाधि कहीं भी प्राप्त हुई हो,किंतु उनकी सर्वोच्च साधना स्थली कुण्डलपुर ही बनी।उन्होंने



गर्व के साथ कहा किरबड़े बाबा का दिव्य दरबार,गुरुवर आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की महान साधना स्थली रहा है।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष कुण्डलपुर में होने वाला चातुर्मास केवल वर्षा ऋतु का नहीं,बल्कि धर्मवर्षा का अवसर बनेगा। बाहर वर्षा हो या न हो,भगवान और गुरु की वाणी निरंतर बरसती रहेगी।उन्होंने कहा कि आज भी इस पवित्र परिसर का प्रत्येक पत्थर, प्रत्येक स्तंभ और प्रत्येक कक्ष आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की साधना, तप और आध्यात्मिक ऊर्जा का साक्षी है। उनकी साधना ने इस संपूर्ण क्षेत्र कोआध्यात्मिक सुरक्षा और दिव्यता से अभिसिंचित कर दिया है।

मुनिश्री ने कहा कि आचार्य श्री समयसागर महाराज की आज्ञा एवं अनुमोदना तथा आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की दिव्य कृपा से इस साधना स्थली में चातुर्मास का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि मंगल प्रवेश के समय उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण था कि श्रद्धालु स्वयं को गुरुवर के सान्निध्य में अनुभव कर रहे थे। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ही अपने शिष्यों का मार्गदर्शन करते हुए कुण्डलपुर में प्रवेश कर रहे है।

### 29 जुलाई को मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा पर्व

उन्होंने आगामी गुरु पूर्णिमा महापर्व की जानकारी देते हुए बताया कि 29 जुलाई 2026 आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर भगवान महावीर के समवसरण में प्रथम गणधर गौतम स्वामी की दीक्षा का स्मरण किया जाएगा। इस अवसर पर गौतम स्वामी की भव्य पूजन, गुरु परंपरा का गुणगान, 108 महादीपों से महाआरती तथा विशेष गुरु-मंत्र प्रदान करने का कार्यक्रम आयोजित होगा। एक परिवार सम्राट श्रेणिक और महारानी चेलना के स्वरूप में भगवान महावीर के समवसरण की भावपूर्ण पूजन करेगा। मुनिश्री ने कहा कि गुरु-मंत्र केवल शब्द नहीं,बल्कि गुरु की साधना,तप और आत्मानुभूति का सार है। बड़े बाबा के चरणों में बैठकर गुरु का स्मरण करते हुए जो आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त होगी, वही श्रद्धालुओं के लिए जीवन का पथप्रदर्शक बनेगी।

उन्होंने देश-विदेश में विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के भक्तों, शिष्यों और श्रद्धालुओं द्वारा कुण्डलपुर चातुर्मास के लिए की जा रही अनुमोदना का उल्लेख करते हुए कहा कि लाखों श्रद्धालुओं की प्रार्थनाओं और मंगलभावनाओं का ही परिणाम था कि मंगल प्रवेश के समय तेज धूप के बीच भी बादलों की शीतल छाया सब पर बरसती रही। यह गुरुवर की दिव्य कृपा का सजीव अनुभव था। अपने उद्बोधन का समापन करते हुए मुनिश्री ने प्रेरणादायी पंक्तियाँ सुनाईं—

आँखों में अगर अरमान है तो जहान तुमसे दूर नहीं,पंखों में अगर उड़ान है तो आसमान तुमसे दूर नहीं।मंदिर के शिखर पर बैठकर पक्षी ने गीत सुनाया—श्रद्धा में अगर जान है तो भगवान तुमसे दूर नहीं। क्षेत्र पर विराजमान सभी ऐलक श्री एवं क्षुल्लक जी ने मुनियों का पाद प्रछालन किया तथा तीन परिक्रमा लगाई बड़े बाबा के दर्शन करके मुनि संघ भाव विभोर हो गये । संचालन अमित पडरिया एवं अजय अहिंसा बांकल ने किया। ज्ञातव्य रहे सभी ऐलक एवं क्षुल्लक आचार्य श्री के आदेशानुसार कुण्डलपुर में मुनिसंघ के साथ चातुर्मास करेंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह ( म.प्र.)**

क./स्व.भा.मि./2026 | ULB Code- 802164 | दिनांक : 23/07/2026

**सार्वजनिक सूचना**

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के नियम 39 के तहत शहरी क्षेत्रों के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु नगरीय निकायों व शहरी समूहों के उत्तरदायित्व निर्धारित किए गए हैं, तथा कचरा फैलाने या नियमों के उपबंधों का अनुपालन न करने वालो के विरूद्व स्थल पर ही जुमार्ना / शास्ति अधिरोपित किए जाने का प्रावधान किया गया हैं ।अत: भारत सरकार के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026, निर्माण एवं विध्वंस नियम 2025, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2025 एवं म.प्र. नगर पालिका (जल प्रदाय एवं मल-जल तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सेवाओं के लिए अपशिष्ट पदार्थ ) के अधिनियम 2020 उपनियम 02 प्रदत्त शक्तियां अनुसार एवं स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छता सर्वेक्षण के निर्धारित मापदंडों को पूर्ण करने एवं नगर को स्वच्छ बनाये जाने एवं नागरिकों को जागरूक करने एवं स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत निकाय को उच्च स्तर प्रदान करने हेतु निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप कार्यवाही करने हेतु अलग-अलग कृत्य के लिए अर्थदण्ड निर्धारित किया जाता हैं ।

| क्रमांक | कृत्य का प्रकार | अधिरोपित अर्थदंड (रू में) |
|---|---|---|
| 1 | नगरीय सीमा क्षेत्रांतर्गत समस्त शासकीय कार्यालयों द्वारा खुले में कचरा फेंकने एवं चार' डस्टबीन (हरा-जैविक अपशिष्ट, नीला-सूखा अपशिष्ट, लाल-सनेटरी अपशिष्ट, काला - विशेष देखभाल अपशिष्ट) का उपयोग न करने पर। | 500.00 |
| 2 | मेडिकल, क्लीनिक, अस्पताल इत्यादि प्रतिष्ठान अपना मेडिकल वेस्ट स्वयं निष्पादित न करने पर । | न्यूनतम 1000.00 अधिकतम 5000.00 |
| 3 | घर-घर कचरा संग्रहण के समय कचरा पृथक-पृथक न करने पर । | 250.00 |
| 4 | डोर टू डोर कचरा संग्रहण से व्यवसायिक क्षेत्र सालाना उपभोक्ता शुल्क । | 1080.00 |
| 5 | डोर टू डोर कचरा संग्रहण से आवासीय क्षेत्र सालाना उपभोक्ता शुल्क । | 720.00 |
| 6 | ओद्योगिक इकाइयों से सालाना उपभोक्ता शुल्क । | 1440.00 |
| 7 | शासकीय एवं अर्धशासकीय सलाना उपभोक्ता शुल्क । | 720.00 |
| 8 | प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन (संशोधन) नियम 2025 के अनुसार, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन 2016 में नियम 11 में उपनियम (01) के पश्चात उप नियम अत: स्थापित किया जाएगा (झ क) कोई उत्पादक, आयातक या ब्रांड स्वामी तारीख 01 जुलाई 2025 से उप नियम (01) के अधीन निम्नलिखित जानकारी उपलब्ध करवाए, प्लास्टिक पैकेजिंग पर बार कोड या क्विक रिस्पॉन्स (क्यू आर कोड होना आवश्यक हैं। अमानक पॉलीथीन प्लास्टिक प्रतिबंधित अधिनियम 31 दिसम्बर 2022 से 120 माइक्रोन कर दी गई हैं। 1 जुलाई 2022 से पॉलिस्टिरिन और विस्तारित पॉलिस्टिरिन समेत एकल उपयोग वाले प्लास्टिक वस्तुओं के निर्माण, आयात, भंडारण, क्रय, विक्रय, परिवहन और उपयोग को प्रतिबंधित किया गया हैं।<br>कोई भी व्यक्ति उक्त प्रतिबंध का उल्लंघन करते पाया जाता हैं, तो जब्ती कर जुमार्ना एवं अधिनियम के प्रावधानों के तहत संबंधित को 5 साल कारावास की कार्यवाही प्रस्तावित की जा सकती हैं। | न्यूनतम 1000.00 अधिकतम 25000.00 |
| 9 | नगरीय क्षेत्र में निमार्णाधीन एवं तोड़े हुए भवनों के अनुपयोगी मलबे के निपटान हेतु नगर वार्ड क्रमांक 13 में प्रसंस्करण इकाई स्थापित की गई हैं। इस हेतु निकाय के कर्मचारी कुलदीप पटेल मो.नं. 9630064721 पर संपर्क कर निर्धारित शुल्क 500.00 प्रति ट्रिप जमा कर सुविधा का लाभ लिया जा सकता हैं।<br>मकान निर्माण/ विध्वंस सामग्री / रोडा नाली / सडक एवं सार्वजनिक स्थानों पर फेंकने अथवा 48 घंटे से अधिक रखे जाने पर । | 1000.00 |
| 10 | नगरीय सीमा क्षेत्रांतर्गत निर्माण एवं विध्वंस कार्य को ग्रीन नेट से कवर करना अनिवार्य हैं, ऐसा नही करने पर जुमार्ना किया जावेगा। | 500.00 |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह**